यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# ■ RRB ■ SSC ■ Police ■ State SSC ■ PCS ■ IAS

# BIG-B

## OBJECTIVE/वस्तुनिष्ठ स्टेटिक जी.के. अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, आशीष गिरि

**संपादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**

**© All Rights Reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने आर.ए. सिक्योरिटी प्रिंटर्स, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा.लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 795/-**

# विषय-सूची

**A. कला एवं संस्कृति (Art and Culture) ........ 7-105**
- त्यौहार/उत्सव/मेला ........ 7
- नृत्य ........ 34
- संगीत ........ 71
- चित्रकला ........ 95
- स्थापत्य कला ........ 102
- भारतीय परिधान ........ 104
- मार्शल आर्ट/युद्ध कला ........ 104

**B. पुस्तकें/लेखक (Books/Authors) ........ 106-147**
- राष्ट्रीय पुस्तकें/अखबार ........ 106
- अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकें ........ 132
- नवीनतम् पुस्तकें ........ 138

**C. दिन/दिवस (Day/Diwas) ........ 148-163**
- पर्यावरण संबंधी दिवस ........ 148
- स्वास्थ्य संबंधी दिवस ........ 150
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी दिवस ........ 152
- मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संबंधी दिवस ........ 153
- अन्य दिवस ........ 155

**D. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार (National & International Prize) ........ 164-189**

**I. नागरिक सम्मान ........ 164**
- भारत रत्न ........ 164
- पद्म पुरस्कार ........ 167

**II. वीरता पुरस्कार ........ 172**
- परमवीर चक्र ........ 172
- अशोक चक्र ........ 172
- शौर्य चक्र ........ 172

**III. खेल पुरस्कार ........ 172**
- मेजर ध्यानचन्द्र खेल रत्न पुरस्कार ........ 172
- अर्जुन पुरस्कार ........ 175
- द्रोणाचार्य पुरस्कार ........ 175
- राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार ........ 177

**IV. साहित्यिक पुरस्कार ........ 177**
- ज्ञानपीठ पुरस्कार ........ 177
- साहित्य अकादमी पुरस्कार ........ 179

**V. सिनेमा पुरस्कार ........ 179**
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार ........ 179
- दादा साहब फाल्के पुरस्कार ........ 181

**VI. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पुरस्कार ........ 182**
- शांति स्वरूप भटनागर ........ 182
- विज्ञान रत्न पुरस्कार ........ 182
- विज्ञान श्री पुरस्कार ........ 183
- धनवंतरि पुरस्कार ........ 183

**VII. पर्यावरण पुरस्कार ........ 183**
- इंदिरा गाँधी पर्यावरण पुरस्कार ........ 183

**VIII. अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कार ........ 183**
- गांधी शांति पुरस्कार ........ 183
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार ........ 183
- पत्रकारिता पुरस्कार ........ 184
- अन्य महत्त्वपूर्ण पुरस्कार ........ 184

**E. अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार (International Awards) ........ 190-206**

**I. नोबेल पुरस्कार ........ 190**
- शांति नोबेल ........ 190
- भौतिकी नोबेल ........ 192
- रसायन विज्ञान नोबेल ........ 193
- चिकित्सा विज्ञान नोबेल ........ 194
- अर्थशास्त्र नोबेल ........ 194
- साहित्य नोबेल ........ 195

**II. साहित्य पुरस्कार ........ 196**
- मैन बुकर पुरस्कार ........ 196
- पुलित्जर पुरस्कार ........ 197
- अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार ........ 198

**III. सिनेमा पुरस्कार ........ 198**
- ऑस्कर पुरस्कार ........ 198
- गोल्डन ग्लोब पुरस्कार ........ 200

**VI. संगीत पुरस्कार ........ 200**
- ग्रैमी पुरस्कार ........ 200

**V. मानवाधिकार और शांति पुरस्कार ........ 201**
- रेमन मैग्सेसे पुरस्कार ........ 201

**VI. पर्यावरण पुरस्कार ........ 203**
- गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार ........ 203

**VII. गणित पुरस्कार....................203**
- फील्ड्स मेडल ....................203
- एवेल पुरस्कार....................203
- रामानुजन पुरस्कार....................203
- क्योटो पुरस्कार....................203
- नॉर्मन बोरलॉग पुरस्कार ....................204
- अन्य महत्त्वपूर्ण पुरस्कार ....................204

**F. प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय संगठन/मुख्यालय (Major International Organizations)........... 207-247**
- संयुक्त राष्ट्र संगठन....................207
- विश्व स्वास्थ्य संगठन....................218
- विश्व व्यापार संगठन....................219
- विश्व बैंक....................220
- यूनिसेफ ....................222
- यूनेस्को....................222
- ब्रिक्स....................228
- इंटरपोल ....................229
- सार्क ....................230
- ओपेक....................232
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन....................232
- नाटो ....................233
- आई. एम. एफ. ....................234
- आसियान....................235
- जी-20 ....................236
- जी-7 ....................236
- शंघाई सहयोग संगठन....................237
- बिम्सटेक....................237
- क्वाड....................237
- यूरोपियन यूनियन....................238
- अन्य प्रमुख संगठन एवं संस्थान ....................239
- विविध....................247

**G. अंतरिक्ष कार्यक्रम (Space Programme) .................... 248-273**
- इसरो का अंतरिक्ष कार्यक्रम....................248
- चंद्रयान मिशन....................262
- मंगलयान मिशन....................266
- गगनयान मिशन....................267
- स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली (NAVIC) ....................268
- पी.एस.एल.वी ....................268

■ जी.एस.एल.वी ........ 270
■ सूर्य मिशन (आदित्य मिशन) ........ 271
■ शुक्रयान मिशन ........ 272
■ निसार मिशन (NASA & ISRO) ........ 272

**H. भारत का प्रतिरक्षा तंत्र ........ 274-286**

**(Defence System of India)**

■ DRDO (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) ........ 274
■ HAL (हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) ........ 277
■ IGMDP (एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम) ........ 277
■ क्रूज मिसाइल ........ 277
■ बैलिस्टिक मिसाइल ........ 279
■ एंटी टैंक गाईडेड मिसाइल ........ 280
■ लड़ाकू विमान ........ 281
■ हेलिकॉप्टर्स ........ 282
■ ड्रोन ........ 282
■ तोप एवं टैंक ........ 283
■ पनडुब्बी एवं पोत ........ 283
❐ **भारत की वायु रक्षा प्रणाली** ........ 285
■ मध्य दूरी- आकाश, बराक-8, पेचोरा ........ 285
■ छोटी दूरी- QRSAM, VLSRAM, VSHRADS ........ 286

**I. खेल (Sports) ........ 287-330**

■ ओलम्पिक ........ 287
■ पैरालंपिक ........ 292
■ राष्ट्रमण्डल ........ 292
■ एशियाई खेल ........ 293
■ हॉकी ........ 294
■ क्रिकेट ........ 298
■ फुटबॉल ........ 307
■ शतरंज ........ 311
■ वॉलीबॉल ........ 313
■ लॉन टेनिस ........ 313
■ बैडमिंटन ........ 317
■ एथलेटिक्स ........ 319
■ गोल्फ ........ 320
■ शूटिंग ........ 320
■ तैराकी ........ 321
■ बिलियर्ड्स ........ 321

- मुक्केबाजी ........ 321
- अन्य प्रमुख खेल ........ 322

**J. प्रमुख राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थान/संगठन ........ 331-347**
**(Major Institutions/Organizations)**

- सरकारी संगठन एवं संवैधानिक निकाय ........ 331
- अनुसंधान संबंधी संस्थान ........ 333
- पुरातत्व संबंधी संस्थान ........ 336
- कृषि संबंधी संस्थान ........ 337
- स्वास्थ्य संबंधी संस्थान ........ 338
- आर्थिक एवं वित्तीय संस्थान ........ 338
- अनुसंधान एवं शिक्षण संस्थान ........ 339
- रक्षा और सुरक्षा से जुड़े संस्थान ........ 342
- खेल संस्थान ........ 344
- अन्य संस्थान ........ 345

**K. प्रमुख स्थल (Major Sites) ........ 348-355**

- ऐतिहासिक स्थल ........ 348
- धार्मिक स्थल ........ 350
- प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय स्थल ........ 353
- पर्यटन स्थल ........ 353
- विश्व धरोहर स्थल ........ 354

**L. प्रमुख व्यक्तित्व (Famous Personalities) ........ 356-368**

- भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनेता ........ 356
- वैज्ञानिक एवं आविष्कारक ........ 357
- कला, साहित्य एवं संगीत ........ 358
- आध्यात्मिक एवं दार्शनिक ........ 361
- समाज सुधारक ........ 362
- खेल सम्बन्धी ........ 363
- पर्यावरणविद् ........ 364
- अन्य ........ 364

**M. विश्व/भारत में प्रथम (First in World/India) ........ 369-380**

- विश्व में प्रथम पुरुष ........ 369
- विश्व में प्रथम महिला ........ 370
- विश्व में सर्वाधिक लम्बा, बड़ा एवं ऊँचा ........ 371
- भारत में प्रथम पुरुष ........ 371
- भारत में प्रथम महिला ........ 373
- भारत में सर्वाधिक लम्बा, बड़ा एवं ऊँचा ........ 376
- देश, राजधानी, मुद्रा और सीमाएँ ........ 378

**N. विविध (Miscellaneous) ........ 381-424**

# भाग-A

# कला एवं संस्कृति
# (Art and Culture)

## (1) त्यौहार/उत्सव/मेला

**1. मेघालय की.......... जनजाति का 'का शाद मस्तीह (Ka Shad Mastieh)' या विजय नृत्य जनजाति के प्रमुख त्योहार के दौरान किया जाने वाला एक प्राचीन युद्ध नृत्य है।**

(a) खासी (b) जयंतिया
(c) वार (d) भाई

**SSC MTS/Havaldar–04/09/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** मेघालय की खासी जनजाति का 'का शाद मस्तीह (Ka Shad Mastieh)' या विजय नृत्य जनजाति के प्रमुख त्योहार के दौरान किया जाने वाला एक प्राचीन युद्ध नृत्य है। यह पुरुष नर्तकों के समूह द्वारा किया जाता है।

**2. बुद्ध पूर्णिमा हिंदू महीने................ में पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।**

(a) वैसाख (b) ज्येष्ठ
(c) भद्र (d) आषाढ़

**SSC MTS/Havaldar–04/09/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** बुद्ध पूर्णिमा हिंदू महीने बैसाख में पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ और ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। 80 वर्ष के आयु में इसी दिन कुशीनगर में इनको निर्वाण प्राप्त हुआ था। गुरु नानक का जन्म वर्ष 1469 में हुआ था।

**3. सिख साहित्य के अनुसार, गुरू नानक देव की जयंती भारतीय चंद्र माह के ________की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।**

(a) कार्तिक (b) माघ
(c) आषाढ़ (d) पौष

**SSC MTS/Havaldar–01/09/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सिख साहित्य के अनुसार, गुरू नानक देव की जयंती भारतीय चंद्र माह के कार्तिक की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।

**4. 'चपचार कुट (Chapchar Kut)' .................. राज्य का एक त्योहार है। यह झूम ऑपरेशन (Jhum operation) के सबसे कठिन कार्य यानी जंगल साफ़ करने (जलने के अवशेषों को साफ़ करना) के पूरा होने के बाद मार्च के दौरान मनाया जाता है।**

(a) मिजोरम (b) छत्तीसगढ़
(c) नागालैंड (d) झारखंड

**SSC MTS/Havaldar–08/09/2023 (Shift-II)**
**(SSC 10+2 CHSL 25.01.17, 10 am)**
**SSC CHSL 21/10/2020 (Shift-III)**
**SSC GD 14/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** 'चपचार कुट (Chapchar Kut)' मिजोरम राज्य का एक त्योहार है। यह झूम ऑपरेशन (Jhum operation) के सबसे कठिन कार्य यानी जंगल साफ़ करने (जलने के अवशेषों को साफ़ करना) के पूरा होने के बाद मार्च के महीने में मनाया जाता है।

**5. ............... गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर (Kamakhya temple) के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह हर साल मानसून ( मध्य जून ) के मौसम में आयोजित किया जाता है, जब मंदिर तांत्रिक अनुष्ठानों के लिए तीन दिनों के लिए बंद रहता है।**

(a) अंबुबाची (b) बैशागू
(c) मी-दम-मी-फी (d) बिहु

**SSC MTS/Havaldar–06/09/2023 (Shift-I)**
**SSC CHSL (Tier-1) – 11/08/2023 (Shift-III)**
**SSC CPO-SI 23/11/2020 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** अंबुबाची गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर (Kamakhya temple) के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह हर साल मानसून (मध्य जून) के मौसम में आयोजित किया जाता है, जब मंदिर तांत्रिक अनुष्ठानों के लिए तीन दिनों के लिए बंद रहता है।

**6. त्रिपुरा की ''खराची पूजा (Kharchi Pooja)" एक हिंदू त्योहार है जिसमें पृथ्वी सहित _________ हिंदू देवताओं की पूजा की जाती है।**

(a) 14 (b) 12
(c) 8 (d) 5

**SSC MTS– 19/05/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** त्रिपुरा की ''खराची पूजा (Kharchi pooja)'' एक हिन्दू त्योहार है जिसमें पृथ्वी सहित 14 हिन्दू देवताओं की पूजा की जाती हैं। पूजा के दिन 14 देवताओं को चंताई (शाही पुजारी) के सदस्यों द्वारा ''सैदर'' नदी पर ले जाया जाता है, देवताओं को पवित्र जल से स्नान कराया जाता है और वापस मंदिर में लाया जाता है। खर्ची शब्द दो त्रिपुरी शब्दों से बना है- 'खर' या 'खरता' जिसका अर्थ है पाप और 'ची' या 'सी' जिसका अर्थ है सफाई।

**7. वर्ष 2015 के साल्जबर्ग महोत्सव (Salzburg Festival) में नृत्य प्रदर्शन करने के लिए किसे एक राजसी भारतीय शास्त्रीय नर्तक के रूप में जाना जाता है?**

(a) कुमारी कमला (b) वी. सत्यनारायण सरमा
(c) तंजौर बालासरस्वती (d) अलारमेल वल्ली

**SSC MTS– 19/05/2023 (Shift-III)**
**(SSC 10+2 CHSL 11.01.17, 1.15 pm)**

**Ans. (d) :** वर्ष 2015 के साल्जबर्ग महोत्सव (Salzurg Festival) में नृत्य प्रदर्शन करने के लिए अलारमेल वल्ली को एक राजसी भारतीय शास्त्रीय नर्तक के रूप में जाना जाता है, ऐसा करने

वाली वह पहली भारतीय शास्त्रीय नर्तकी थीं। साल्जबर्ग ऑस्ट्रिया का एक शहर है जहाँ साल्जबर्ग उत्सव गर्मियों में पाँच सप्ताह की अवधि के लिए आयोजित किया जाता है।

**8. कौन-सा त्योहार राक्षस राजा महिषासुर पर देवी दुर्गा की विजय का प्रतीक है?**

(a) जन्माष्टमी (b) होली
(c) नवरात्रि (d) दिवाली

**SSC CGL (TIER-I)– 20/04/2022 (Shift-I)**
**SSC MTS– 18/05/2023 (Shift-I)**
**SSC JE Electrical 09/10/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** नवरात्रि शब्द से 'नव अहोरात्रों' का बोध होता है। इस समय शक्ति के नव रूपों की उपासना की जाती है। नवरात्रि त्योहार राक्षस राजा महिषासुर पर देवी दुर्गा की विजय का प्रतीक है। नवरात्रि वर्ष में दो बार शरद ऋतु और चैत्र में मनाया जाता है।

**9. चार दिवसीय फसल कटाई उत्सव पोंगल आमतौर पर ________ में मनाया जाता है।**

(a) दक्षिण भारत (b) पूर्वी भारत
(c) उत्तर भारत (d) उत्तर-पूर्वी भारत

**BSSC Kara Nirishak -23/11/2023**
**SSC MTS– 16/05/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** पोंगल त्योहार मुख्य रूप से दक्षिण भारत में मनाया जाने वाला चार दिवसीय फसल कटाई उत्सव है, जो तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है। पोंगल का त्योहार मुख्य रूप से ग्रहों के शासक भगवान सूर्य नारायण के सम्मान में मनाया जाता है।

**10. गणगौर एक भारतीय त्योहार है जो प्रमुख रूप से ____ में मनाया जाता है।**

(a) राजस्थान (b) हिमाचल प्रदेश
(c) त्रिपुरा (d) अरूणाचल प्रदेश

**RRB Stage-I- 30/04/2016**
**SSC MTS – 15/05/2023 (Shift-I)**
**SSC GD – 06/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** गणगौर एक भारतीय त्योहार है जो प्रमुख रूप से राजस्थान में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक मनाया जाता है।
• यह त्योहार भगवान शिव और पार्वती के अखण्ड प्रेम का प्रतीक है।
• इसमें विवाहित महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु तथा अच्छे वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं।

**11. 'माघी' भारत के निम्नलिखित में से किस त्योहार का एक अन्य नाम है?**

(a) मकर संक्रांति (b) बिहु
(c) बैसाखी (d) बसंत पंचमी

**SSC GD – 08/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** माघी वह अवसर है जब गुरू गोबिंद सिंह जी के लिये लड़ाई लड़ने वाले 40 सिखों के बलिदान को याद किया जाता है। माघी की पूर्व संध्या पर लोहड़ी या मकर संक्रांति त्योहार मनाया जाता है। इसे मकर संक्रांति भी कहा जाता है।

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा अरूणाचल प्रदेश का एक कृषि उत्सव है जो गालो जनजाति द्वारा मनाया जाता है?**

(a) लोसर (b) उगादि
(c) कर्मा (d) मोपिन

**SSC MTS– 02/05/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** 'मोपिन' अप्रैल माह में अरुणाचल प्रदेश में गालो जनजातियों द्वारा मनाया जाने वाला कृषि उत्सव है।

| नृत्य | जनजातीय समुदाय |
|---|---|
| घूमर | भील |
| वालर | गरासिया |
| पारधौनी | बैगा |

**13. फाजिल्का विरासत महोत्सव, जो कि कला, संस्कृति और भोजन का वार्षिक उत्सव है, निम्नलिखित में किस राज्य में मनाया जाता है?**

(a) पंजाब (b) उत्तर प्रदेश
(c) हरियाणा (d) महाराष्ट्र

**SSC Selection Posts XI– 28/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** फाजिल्का विरासत महोत्सव जो कि कला, संस्कृति और भोजन का वार्षिक उत्सव है। यह महोत्सव पंजाब राज्य के फाजिल्का शहर में मनाया जाता है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा धार्मिक त्योहार तेलंगाना में पीरला पांडुगा के नाम से जाना जाता है?**

(a) नवरोज़ (b) मुहर्रम
(c) क्रिसमस (d) ईद-उल-फितर

**SSC Selection Posts XI– 27/06/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** धार्मिक त्योहार मुहर्रम तेलंगाना में पीरला पांडुगा के नाम से जाना जाता है। यह त्योहार अलम नामक अवशेष को जुलूस के रूप में मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार है।

**15. हिंदू कैलेंडर के किस दिन होली का त्योहार मनाया जाता है?**

(a) फाल्गुन अमावस्या (b) चैत्र सप्तमी
(c) चैत्र पूर्णिमा (d) फाल्गुन पूर्णिमा

**SSC Selection Posts XI– 27/06/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** हिंदू कैलेंडर के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होली का त्योहार मनाया जाता है

**16. ''शाही स्नान'' नाम का विशेष पारंपरिक स्नान निम्नलिखित में से किस त्योहार का एक प्रमुख कार्यक्रम है?**

(a) तीज (b) होली
(c) दीवाली (d) कुंभ मेला

**SSC CHSL (Tier-1) – 20/03/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** शाही स्नान कुंभ मेले का एक प्रमुख त्यौहार है। कुंभ मेला चार जगह लगता है, प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन। साधकों का मानना है, कि इन नदियों में स्नान करने से जीव पिछली गलतियों और उनके पापों से मुक्त होता है।

**17. राजा परबा (Raja Parba) जिसे मिथुन संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है, भारत के उड़ीसा में मनाया जाने वाला एक...........दिन चलने वाला नारीत्व का त्योहार है।**

(a) पाँच (b) छः
(c) चार (d) तीन

**RRB Group-D – 29/08/2022(Shift-I)**
**SSC CHSL (Tier-1) – 17/03/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** राजा परबा (Raja Parba), जिसे मिथुन संक्रान्ति के नाम से भी जाना जाता है, भारत के ओडिशा में तीन दिन चलने वाला नारीत्व का त्योहार है। ऐसा माना जाता कि इस अवधि के दौरान धरती माता को मासिक धर्म होता है और मानसून आते ही भविष्य में कृषि गतिविधियों के लिए खुद को तैयार करती है। इन 3 दिनों के दौरान, महिलाएँ काम नहीं करती हैं। यह त्यौहार जून के महीने में आयोजित किया जाता है।

**18. उड़ीसा का रज पर्व (Raja Parba) त्योहार जीवंत सांस्कृतिक परंपरा और कृषि जीवन से संबंधित है। यह ......... के महीने में तीन दिनों के लिए आयोजित किया जाता है।**

(a) जुलाई (b) जून
(c) अगस्त (d) सितंबर

**SSC MTS– 10/05/2023 (Shift-I)**
**SSC CHSL 05/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. कौन सा भारतीय शहर अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2023 का मेजबान है?**

(a) ठाणे (b) सूरत
(c) अहमदाबाद (d) पुणे

**SSC CHSL (Tier-1) – 15/03/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव -2023 का आयोजन अहमदाबाद, गुजरात में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2023 का उद्घाटन 8 जनवरी को अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर गुजरात के राज्यपाल द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 का भी आयोजन अहमदाबाद में ही सम्पन्न होगा। इसकी शुरुआत 1989 में की गई थी।

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा महोत्सव कर्नाटक में नवम्बर -दिसम्बर के महीनों में मनाया जाता है?**

(a) हूथरी (b) दसरा
(c) कम्बाला (d) हम्पी

**SSC Selection Posts XI– 27/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** हूथर महोत्सव कर्नाटक में नवम्बर-दिसम्बर के महीनों में मनाया जाता है। यह एक वार्षिक फसल उत्सव है।

**21. निम्नलिखित में से किस राज्य में गुरुंग समुदाय द्वारा तमु लोसार त्यौहार नये साल के तौर पर मनाया जाता है?**

(a) गोवा (b) सिक्किम
(c) असम (d) मध्य प्रदेश

**SSC Selection Posts XI– 28/06/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** सिक्किम राज्य में गुरुंग समुदाय द्वारा तमु लोसार त्यौहार नये साल के तौर पर मनाया जाता है। मूलतः यह नेपाल के गुरुंग समुदाय का त्यौहार है।

**22. मकरविलाक्कु उत्सव निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में मनाया जाता है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) केरल
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**SSC CGL (Tier-I) 11/04/2022 (Shift-II))**
**SSC Selection Posts XI– 28/06/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** मकरविलाक्कु केरल में मकर संक्रांति पर सबरीमाला मंदिर में मनाया जाने वाला वार्षिक उत्सव है। यह सात दिवसीय वार्षिक उत्सव है। जो भगवान अयप्पा को समर्पित है।

**23. मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला कौन-सा त्यौहार बारावफ़ात के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) ईद-उल-जुहा
(b) शब-ए-बारात
(c) मुहर्रम
(d) मिलाद-उन-नबी

**SSC Selection Posts XI– 28/06/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला मिलाद-उन-नबी त्यौहार बारावफ़ात के नाम से भी जाना जाता है। इसे मौलिद भी कहा जाता है।

**24. मौलिद, निम्नलिखित में से किस त्योहार का दूसरा नाम है?**

(a) ईद-उल-जुहा (b) मिलाद-उन-नबी
(c) मुहर्रम (d) ईद-उल-फ़ितर

**SSC GD 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**25. नाग पंचमी हिंदू कैलेंडर के किस महीने में मनाई जाती है?**

(a) शरद (b) कार्तिक
(c) श्रावण (d) आषाढ़

**SSC CGL (Tier-1) – 14/07/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** नाग पंचमी हिंदू कैलेंडर के श्रावण महीने में मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव और नाग देवता की उपासना की जाती है।

**26. पारो त्शेचु (Paro Tschechu) के नाम से प्रसिद्ध त्योहार किस देश में मनाया जाता है?**

(a) जापान (b) थाईलैंड
(c) बर्मा (d) भूटान

**SSC CGL (Tier-1) – 27/07/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पारो त्शेचु भूटान का एक प्रसिद्ध त्यौहार है जो गुरू रिम्पोचे (गुरू पद्मसंभव) के जन्म दिन के अनुरूप चंद्र कैलेंडर के महीने के दसवें दिन मनाया जाता है। इस त्यौहार में मुखौटा नृत्य, रंगीन भूटानी नृत्य आदि शामिल हैं।

**27. गुरुवायूर एकादशी भारत के किस राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) केरल
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**SSC CGL (Tier-1) – 26/07/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b):** गुरुवायूर एकादशी भारत के केरल राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है, जो एकादशी मलयालम महीने वृश्चिकम के शुक्ल पक्ष में मनायी जाती है और यह केरल के प्रसिद्ध गुरुवायूर श्री कृष्ण मंदिर में मनाई जाती है। इस दिन हाथियों का भव्य जुलूस निकाला जाता है।

**28. निम्नलिखित में से किस त्यौहार के नाम से 'उबालना' या 'उबालना' का अर्थ जुड़ा है?**

(a) ओणम (b) बिहु
(c) पोंगल (d) राजा

**SSC CGL (Tier-1) – 24/07/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दक्षिण भारत में धान की फसल काटने के बाद लोग अपनी प्रसन्नता प्रकट करने के लिए पोंगल का त्यौहार मनाते हैं। पोंगल का वास्तविक अर्थ होता है 'उबालना'। इस दिन गुड़ और चावल उबालकर सूर्य को चढ़ाया जाता है।

**29. बस्तर दशहरा का दस दिवसीय उत्सव भारत के किस राज्य से संबंधित है?**

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखंड
(c) बिहार (d) ओडिशा

**SSC CGL (Tier-1) – 24/07/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** बस्तर दशहरा का दस दिवसीय उत्सव भारत के छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित है। इस त्यौहार की शुरुआत 13वीं शताब्दी में बस्तर के चौथे राजा पुरुषोत्तम देव के शासनकाल में हुई थी।

**30. असम में बिहू उत्सव वर्ष में कितनी बार मनाया जाता है?**

(a) 2 (b) 3
(c) 5 (d) 4

**SSC CHSL (Tier-1) – 07/08/2023 (Shift-IV)**
**SSC CGL (Tier-1) – 26/07/2023 (Shift-II)**
**SSC CHSL 12/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. : (b)** बिहू असम का मुख्य त्योहार है। यह वर्ष में तीन बार मनाया जाता है। रंगोली या वोहाग (बिहू) अप्रैल में मनाया जाता है। कोगाली या काटी (बिहू) अक्टूबर में मनाया जाता है और भोगली या माटा (बिहू) जनवरी में मनाया जाता है। रंगोली या वोहाग बिहू असमिया नया साल और बसंत का त्योहार है। बिहू नृत्य असम का सबसे लोकप्रिय लोक नृत्य है।

**31. असम के किस शहर में हर वर्ष चाय महोत्सव मनाया जाता है?**

(a) जोरहाट (b) गुवाहाटी
(c) सिलचर (d) डिब्रूगढ़

**SSC CGL (Tier-1) – 19/07/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** असम के जोरहाट शहर में हर वर्ष चाय महोत्सव मनाया जाता है।

**32. हेमिस महोत्सव पर किस धर्म का प्रभाव है?**

(a) बौद्ध धर्म (b) इस्लाम
(c) हिंदू धर्म (d) जैन धर्म

**SSC CGL (Tier-1) – 17/07/2023 (Shift-III)**
**SSC CGL (Tier-1) – 18/07/2023 (Shift-II)**
**(SSC J.E. 01.03.17, 10:00 am)**
**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-I)**

**Ans : (a)** हेमिस या हेमिस त्सू धार्मिक उत्सव लद्दाख के सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध धार्मिक त्योहारों में से एक है, यह दो दिन तक चलने वाला उत्सव है। यह उत्सव तिब्बती बौद्ध धर्म के संस्थापक पद्मसंभव के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। इस उत्सव के दौरान लामा पवित्र नकाबपोश नृत्य करते हैं।

**33. भगवान पद्मसंभव के सम्मान में कौन सा महोत्सव मनाया जाता है?**

(a) हॉर्नबिल महोत्सव (b) सागा दावा महोत्सव
(c) गणगौर महोत्सव (d) हेमिस महोत्सव

**RRB Group-D – 01/09/2022 (Shift–II)**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार 'टाई ऑफ प्रोटेक्शन' शब्द से जुड़ा है?**

(a) रक्षाबंधन (b) करवा चौथ
(c) छठ पूजा (d) बैसाखी

**SSC CGL (Tier-1) – 14/07/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** रक्षाबंधन का त्योहार 'टाई ऑफ प्रोटेक्शन' शब्द से जुड़ा है। त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

**35. गुजरात के किस जिले में गुजरात सरकार द्वारा मोढेरा नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है?**

(a) भरूच (b) अमरेली
(c) मेहसाणा (d) डांग

**SSC CGL (Tier-1) – 20/07/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** गुजरात के मेहसाणा जिले में गुजरात सरकार द्वारा मोढेरा नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

**36. प्रत्येक बारह वर्ष बाद मनाया जाने वाला 'महामस्तकाभिषेक' एक ............... त्योहार है।**

(a) बौद्ध (b) सिख
(c) हिंदू (d) जैन

**SSC GD – 01/02/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** 'महामस्तकाभिषेक' जैन धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सवों में से एक है। यह उत्सव दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में श्रवण बेलगोला में 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होता है

**37. महावीर जयंती ............. के महीने में मनाई जाती है।**

(a) अगस्त-सितम्बर (b) मई-जून
(c) मार्च-अप्रैल (d) नवम्बर-दिसम्बर

**SSC GD – 13/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें व अंतिम तीर्थंकर थे जिन्होनें अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के आधार पर पंचशील सिद्धांत प्रस्तुत किया। इनके जन्म को महावीर जयन्ती के रूप में चैत्रमास के शुल्क पक्ष की त्रैयोदशी तिथि (मार्च-अप्रैल) को मनाया जाता है।

**38. सिख, बंदी छोड़ दिवस मनाते हैं जो किस हिंदू त्योहार के साथ मेल खाता है?**

(a) दशहरा (b) दिवाली
(c) होली (d) गणेश चतुर्थी

**SSC CGL (Tier-1) – 21/07/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दीपावली हिन्दू और सिख भाईचारे का साझा त्यौहार है। सिख धर्म में दीपावली के पर्व को 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। दीपावली के दिन 6वें सिख गुरु हरगोविन्द साहिब ने 52 कैदी राजाओं के साथ स्वयं को मुगलों की कैद से आजाद करवाया था। सिख धर्म में दीपावली के पर्व पर तब से ही बंदी छोड़ दिवस मनाया जाता है।

**39. निम्नलिखित में से कौन-से त्योहार की उत्पत्ति तिब्बती नव वर्ष से हुई है और लद्दाख में, यह हर साल फसल कटाई के मौसम के अंत में मनाया जाता है?**

(a) युरू कबगयात (b) माथो नागरंग
(c) लोसार उत्सव (d) दोसमोचे

**SSC CGL (Tier-1) – 20/07/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** लोसार उत्सव की उत्पत्ति तिब्बती नव वर्ष से हुई है और लद्दाख में यह हर साल फसल कटाई के मौसम के अंत मे मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने वाले लोग अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की उत्तरी सीमाओं तक फैले हुए है।

**40. निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी से शुरू होने वाले पांच दिवसीय उत्सव 'लोकरंग' का अयोजन किया जाता है?**

(a) हिमाचल प्रदेश
(b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश
(d) अरुणाचल प्रदेश

**RRB Group-D – 30/09/2022 (Shift-III)**
**SSC CGL (Tier-1) – 19/07/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश राज्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी से शुरू होने वाले 5 दिवसीय उत्सव लोकरंग का आयोजन किया जाता है। मध्य प्रदेश के अन्य प्रमुख महोत्सव मांडू महोत्सव, भगोरियो हाट महोत्सव, मालवा उत्सव, तानसेन साहित्य महोत्सव, खजुराहो महोत्सव हैं।

**41. दीपावली हिंदू कैलेंडर के किस महीने में मनाई जाती है?**

(a) अश्विन (b) कार्तिक
(c) माघ (d) चैत्र

**SSC CHSL (Tier-1) – 14/08/2023 (Shift-IV)**
**SSC CGL (Tier-1)– 18/07/2023 (Shift-III)**
**SSC GD 25/11/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दीपावली हिन्दू कैलेण्डर के कार्तिक माह की अमावस्या को मनाई जाती है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान राम, रावण को मारकर 14 वर्षों का वनवास काटकर अयोध्या नगरी वापस लौटे थे। उनके आने की खुशी में अयोध्या के लोगों ने घी के दीप जलाये, तब से भारत में दीपावली की शुरुआत हुई।

**42. पाँच दिवसीय उत्सव गान-नगाई (Gaan-Ngai) मुख्य रूप से भारत के किस हिस्से में मनाया जाता है?**

(a) उत्तरी (b) दक्षिणी
(c) पश्चिमी (d) उत्तर-पूर्वी

**SSC CHSL (Tier-1) – 14/08/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पाँच दिवसीय उत्सव गान-नगाई (Gaan Nagai) मुख्य रूप से भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्से में मनाया जाता है। गान-नगाई उत्सव मणिपुर का जेलियांग्रोंग नागा समुदाय मनाता है। यह सम्पूर्ण राज्य में फसल काटने के बाद मनाया जाने वाला सबसे बड़ा सांस्कृतिक त्योहार है। जेलियांग्रोग समुदाय में तीन नागा जनजातियाँ (रोंगमेई, लियांगमई तथा जेमे) शामिल हैं। ये जनजातियाँ असम, मणिपुर और नागालैण्ड के त्रि-संगम पर निवास करती हैं।

**43. स्तंभों का मिलान कीजिए।**

| राज्य | सांस्कृतिक उत्सव |
|---|---|
| A) बिहार | I) बिहू |
| B) अरूणाचल प्रदेश | II) तामलादू |
| C) असम | III) फ़टोरपा जात्रा |
| D) गोवा | IV) छठ |

(a) A-I, B-II, C-III, D-IV
(b) A-I, B-IV, C-III, D-II
(c) A-III, B-I, C-IV, D-II
(d) A-IV, B-II, C-I, D-III

**SSC CHSL (Tier-1) – 11/08/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :**

| राज्य | | सांस्कृतिक उत्सव |
|---|---|---|
| बिहार | - | छठ |
| अरूणाचल प्रदेश | - | तामलादू |
| असम | - | बिहू |
| गोवा | - | फ़टोरपा जात्रा |

**44. गुग्गा नौमी उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?**

(a) हरियाणा (b) हिमाचल प्रदेश
(c) गुजरात (d) उत्तराखंड

**SSC CHSL (Tier-1) – 10/08/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** गुग्गा नौमी उत्सव हरियाणा, राजस्थान और पंजाब राज्य में मनाया जाता है। यह भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की नवमी को मनाया जाता है।

**45. निम्नलिखित में से राज्य में सांडों को काबू करने वाला प्रसिद्ध उत्सव जलीकट्टू मनाया जाता है?**

(a) कर्नाटक (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) केरल (d) तमिलनाडु

**SSC CGL (TIER-1) 01-09-2016, 1.15 pm**
**(SSC 10+2 CHSL 08.01.17, 4.15 pm)**
**SSC CHSL (Tier-1) – 09/08/2023 (Shift-III)**
**SSC GD 30/11/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जल्लीकट्टू सांडों को काबू करने वाला त्योहार है। जिसे तमिलनाडु में प्रत्येक वर्ष पोंगल के अवसर पर आयोजित किया जाता है। यह तमिलनाडु का लगभग 2000 वर्ष पुराना एक प्रतिस्पर्धी एवं हिंसक खेल है। इसे किसान समुदाय के लिए अपनी शुद्ध नस्ल के साड़ों को संरक्षित करने का एक पारम्परिक तरीका माना जाता है।

**46. चैतुराल ( Chaitrual ) और फुलाइच ( Phulaich ) निम्नलिखित में से किस राज्य का त्योहार है?**

(a) उत्तराखंड (b) गुजरात
(c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश

**SSC CHSL (Tier-1) – 17/08/2023 (Shift-II)**

Ans. (d) : चैतुराल (Chaitrual) और फुलाइच (Phulaich) हिमाचल प्रदेश राज्य का त्योहार है।

**47. शबरीनारायण मेला निम्नलिखित में से किस राज्य में आयोजित किया जाता है?**

(a) झारखंड (b) छत्तीसगढ़
(c) मध्यप्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

**SSC CHSL (Tier-1) – 17/08/2023 (Shift-IV)**

Ans. (b) : शबरीनारायण मेला (शिवरी नारायण मेला) छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित किया जाता है। यह मेला माघी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

**48. टुसू (Tusu) झारखंड में सर्दियों में फसल कटाई के अवसर पर ....... माह के अंतिम दिन पर मनाया जाने वाला एक उत्सव है।**

(a) फाल्गुन (b) पौष
(c) माघ (d) चैत्र

**SSC MTS– 11/05/2023 (Shift-II)**
**SSC CHSL (Tier-1) – 04/08/2023 (Shift-I)**

Ans. (b) : टुसू झारखंड में सर्दियों में फसल कटाई के अवसर पर पौष माह के अंतिम दिन पर मनाया जाने वाला एक उत्सव है जिसमें अविवाहित लड़कियाँ लकड़ी या बाँस के फ्रेम को रंगीन कागज से सजाती हैं और फिर उसे पास की पहाड़ी नदी में प्रवाहित कर देती हैं। कुछ स्थानों पर लड़कियाँ टुसू देवी की मिट्टी की मूर्तियाँ बनाकर उसे रंग बिरंगे फूलों से सजाती हैं और एक विशेष लकड़ी के ढांचे पर रखकर प्रत्येक घर-घर ले जाती हैं और टुसू गीतों के साथ अंत में उस छवि का विसर्जन कर देती हैं।

**49. ........... खेतों में बीज बोने वाला एक त्यौहार है। यह झारखण्ड में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्यौहार है।**

(a) जावा (b) बान्दाना
(c) रोहिणी (d) करम

**SSC MTS– 08/05/2023 (Shift-III)**

Ans. (c) : रोहिणी खेतों में बीज बोने वाला एक त्यौहार है। यह झारखण्ड में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्यौहार है। इस त्यौहार के प्रारंभ के दिन से किसानों द्वारा खेतों में बीज बोने की शुरूआत की जाती है। इस त्यौहार को मनाने के दौरान किसी प्रकार का नृत्य प्रदर्शन या लोकगीत गायन नहीं किया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से जेठ महीने में मनाया जाता है।

**50. कोणार्क नृत्य उत्सव, भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?**

(a) कर्नाटक (b) ओडिशा
(c) झारखंड (d) राजस्थान

**SSC MTS/Havaldar– 05/07/2022 (Shift-I)**
**SSC CHSL 10/06/2022 (Shift-I)**

Ans.(b): कोणार्क नृत्य उत्सव कोणार्क ओडिशा राज्य में पिछले कई वर्षों से आयोजित किया जाता है। इसकी शुरुआत 1986 में हुई कोणार्क के बहुप्रतिष्ठित सूर्य मन्दिर को देखने के लिए आने वाले ओपन एअर ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाला यह त्यौहार दूर-दूर से आने वाले लोगों को रोमांचित और मंत्रमुग्ध कर देता है।

**51. निम्नलिखित में से किस राज्य में गोंचा महोत्सव मनाया जाता है?**

(a) छत्तीसगढ़ (b) ओडिशा
(c) झारखंड (d) कर्नाटक

**SSC MTS/Havaldar– 06/07/2022 (Shift-II)**

Ans. (a) : गोंचा उत्सव छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला त्योहार है, जो ओडिशा के जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव के समान होता है। इसलिए इस त्योहार को रथ यात्रा भी कहा जाता है। इसकी शुरुआत लगभग 610वर्ष पहले चालुक्य वंश के शासकों द्वारा की गई थी।

**52. ओणम प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक हिंदू त्योहार है जिसकी उत्पत्ति भारत के _____राज्य में हुई है।**

(a) मिजोरम (b) झारखंड
(c) केरल (d) मणिपुर

**RRB JE- 26/05/2019 (Shift-I)**
**RRB RPF SI- 09/12/2024 (Shift-I)**
**SSC MTS/Havaldar– 07/07/2022 (Shift-III)**
**SSC CHSL (Tier-1) – 03/08/2023 (Shift-II)**
**(SSC J.E. 01.03.17, 2:45 pm)**
**SSC GD 12/02/2019 (Shift-III)**

Ans. (c) : दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का सबसे लोकप्रिय पर्व ओणम प्रायः सितम्बर माह के पहले पखवाड़े में मनाया जाता है। यह राज्य का कृषि पर्व कहलाता है तथा इसे मुख्य तौर पर मलयाली हिंदू मनाते हैं। ओणम मलयालम कैलेंडर के पहले महीने 'चिंगम' से शुरु होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है।

**53. याओशांग उत्सव भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?**

(a) राजस्थान (b) मणिपुर
(c) उत्तर प्रदेश (d) तमिलनाडु

**SSC MTS/Havaldar– 08/07/2022 (Shift-II)**

Ans. (b) : याओशांग उत्सव पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मणिपुर में मनाया जाता है। यह त्योहार मणिपुरी कैलेंडर के अनुसार लामदा महीने अर्थात ग्रेगारियन कैलेण्डर के अनुसार फरवरी-मार्च महीने में मनाया जाता है। यह त्योहार मुख्यतः मणिपुर राज्य के मिताई लोगों के द्वारा ही मनाया जाता है। इसे 'मणिपुर की होली' कहा जाता है।

**54. 'योशांग' नामक त्योहार निम्नलिखित में से किस राज्य में पारंपरिक रूप से मनाया जाता है?**

(a) सिक्किम (b) छत्तीसगढ़
(c) झारखंड (d) मणिपुर

**SSC MTS 12/10/2021 (Shift-I)**

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**55. भारतीय त्योहार दशहरा का प्रसिद्ध उत्सव किस जगह मनाया जाता है?**

(a) निज़ाम पैलेस (b) जयपुर पैलेस
(c) मैसूर पैलेस (d) मयूरभंज पैलेस

**SSC CHSL (Tier-1) – 07/08/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** भारतीय त्योहार दशहरा का प्रसिद्ध उत्सव मैसूर पैलेस में मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, मैसूर का नाम महिषासुर नाम के असुर के नाम पर पड़ा है, जिसका माता दुर्गा ने वध किया था। इसके चलते हर साल दशहरा के अवसर पर मैसूर पैलेस से शोभायात्रा निकाली जाती है।

**56. यह कार्यक्रम ईसा मसीह के पुनर्जन्म के उत्सव में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का नाम बताइए?**

(a) क्रिसमस (b) ईस्टर
(c) गुड फ्राइडे (d) पवित्र गुरुवार

**RRB Group-D 07/10/2022 (Shift-III)**
**SSC CGL (Tier-1)– 17/07/2023 (Shift-II)**
**SSC JE Electrical 10/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** ईस्टर त्यौहार ईसा मसीह के पुनर्जन्म के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बाइबिल के अनुसार, यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद वह फिर से जीवित हो गए थे। इसलिए ईस्टर को मृत्यु पर जीवन की विजय के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है। गुड फ्राइडे का त्यौहार ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने की याद में मनाया जाता है।

**57. लुई नगाई नी (Lui Nagai Ni) त्योहार का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?**

(a) उत्तराखंड (b) मणिपुर
(c) उत्तरप्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश

**SSC CHSL (Tier-1) – 03/08/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** लुई लगाई नी (Lui Nagai Ni) त्यौहार का संबंध मणिपुर राज्य से है। रोपण के मौसम की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए मणिपुर के नागा समुदाय के लोग इस त्यौहार को प्रतिवर्ष मनाते हैं।

**58. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं:**
**(a) झारखंड में सरहुल उत्सव मनाया जाता है।**
**(b) सरहुल उत्सव के अवसर पर साल के वृक्ष के फूल एकत्र कर देवताओं को भेंट किए जाते हैं।**
**(c) साल के वृक्ष के फूल भूमि में उर्वरता का प्रतीक हैं।**

(a) सभी a, b और c
(b) केवल a और c
(c) केवल a और b
(d) केवल b और c

**RRB NTPC (Stage-2) 15/06/2022 (Shift-I)**
**SSC CHSL (Tier-1) – 02/08/2023 (Shift-III)**
**SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सरहुल मुख्यतः फूलों का त्योहार है। झारखण्ड का यह उत्सव चैत्र माह की तृतीया तिथि को शुरू होता है। इसमें साल के वृक्ष के फूल एकत्र कर देवताओं को भेंट किए जाते हैं तथा ये फूल भूमि में उर्वरता का प्रतीक होते हैं। अतः सभी कथन सत्य हैं।

**59. निम्नलिखित कथनों का मिलान कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) चंपाकुलम नौका दौड़ | (i) गुजरात |
| (b) सोमनाथ मेला | (ii) हरियाणा |
| (c) सूरजकुंड मेला | (iii) राजस्थान |
| (d) बाणेश्वर मेला | (iv) केरल |

(a) a-iii, b-i, c-iv, d-ii (b) a-iv, b-ii, c-i, d-iii
(c) a-iv, b-i, c-ii, d-iii (d) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

**SSC CHSL (Tier-1) – 02/08/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है-

| सूची-I | | सूची-I |
|---|---|---|
| चंपाकुलम नौका दौड़ | - | केरल |
| सोमनाथ मेला | - | गुजरात |
| सूरजकुंड मेला | - | हरियाणा |
| बाणेश्वर मेला | - | राजस्थान |

**60. पारसी समुदाय के नवरोज त्योहार के अंतर्गत मेहर नामक एक देवता की पूजा की जाती है। यह देवता, निम्न में से किसका अधिष्ठातृ देवता माना जाता है?**

(a) चंद्रमा (b) ब्रह्मांड
(c) पृथ्वी (d) सूर्य

**SSC Stenographer – 15/11/2021 : Shift-II**

**Ans. (a) :** नवरोज का त्योहार पारसी समुदाय के लिए आस्था का प्रतीक है। नवरोज के साथ ईरानी कैलेंडर तथा पारसी कैलेंडर की शुरुआत होती है। इस त्योहार में चंद्रमा को अधिष्ठातृ देवता मानकर मेहर देवता के रूप में पूजा की जाती है। साल 2009 में यूनेस्को ने नवरोज को भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया था।

**61. दशैं एक प्रसिद्ध त्योहार है, जिसकी शुरुआत ______ से हुई है।**

(a) म्यांमार (b) नेपाल
(c) भूटान (d) भारत

**SSC GD 15/12/2021 (Shift-I)**
**SSC MTS 11/10/2021 (Shift-II)**
**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b):** दशैं या दशाइन नेपाल का एक प्रसिद्ध त्योहार है। यह नेपाल का सबसे बड़ा हिंदू त्योहार है। जिसकी शुरूआत नवरात्र के पहले दिन से होती है। 15 दिवसीय इस त्योहार के दौरान 9 दिन तक देवी दुर्गा की पूजा की जाती है।

**62. निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रतिवर्ष 'अंतरराष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम उत्सव' मनाया जाता है?**

(a) पंजाब (b) मेघालय
(c) उत्तराखण्ड (d) हिमाचल प्रदेश

**Utpad Avar Nirishak Exam- 09/06/2019**
**SSC GD 26/11/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव प्रत्येक वर्ष नवंबर की शुरूआत में मेघालय द्वारा आयोजित किया जाता है। यह भारत में आयोजित होने वाला एकमात्र चेरी उत्सव है। इसे 'प्रकृति का उत्सव' कहा जाता है।

**63. निम्नलिखित में से कौन सा त्योहार अमावस्या के दिन आयोजित किया जाता है?**

(a) काली पूजा (b) महावीर जयंती
(c) होली (d) दशहरा

**SSC CGL (Tier-I) 18/04/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** काली पूजा/महानिशा पूजा/श्यामा पूजा - पूर्वी भारत मुख्यतः प. बंगाल, त्रिपुरा, ओडिशा और असम में प्रचलित एक हिंदू पर्व है। हिंदू देवी काली को समर्पित यह पर्व कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इसी दिन सम्पूर्ण भारत में दीपावली का पर्व और लक्ष्मी पूजा मनायी जाती है।

**64. देव-दीपावली नामक त्योहर इनमें से किस शहर में मनाया जाता है?**

(a) अयोध्या (b) वाराणसी
(c) प्रयागराज (d) उज्जैन

**RRB Group-D 18/09/2022 (Shift-I)**
**SSC GD 24/11/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** देव - दीपावली नामक त्योहर वाराणसी में मनाया जाता है। यह रोशनी का त्योहार है। यह त्योहार हिन्दू कैलेडंर के कार्तिक मास की आमावस्या पर मनाया जाता है।

**65. माही और सोम नदियों के संगम पर निम्नलिखित में से कौन सा उत्सव मनाया जाता है?**

(a) सरहुल उत्सव (b) ट्यूलिप उत्सव
(c) मरिअम्मन उत्सव (d) बनेश्वर उत्सव

**SSC GD 23/11/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** बेणेश्वर मेला राजस्थान के डूंगरपुर में आयोजित होता है। 'आदिवासियों का कुम्भ' नाम से प्रसिद्ध 'बेणेश्वर मेला' 'भील' जनजातियों का सबसे बड़ा मेला है, जो माघ माह की पूर्णिमा को डूंगरपुर जिले में सोम और माही नदियों के संगम पर आयोजित किया जाता हैं। यह मेला भगवान शिव को समर्पित है।

**66. हरियाणा में हर वर्ष 'सूरजकुंड शिल्प मेला' किस महीने में आयोजित किया जाता है ?**

(a) अप्रैल (b) फरवरी
(c) अगस्त (d) मार्च

**RRB NTPC (Stage-2) 17/06/2022 (Shift-I)**
**SSC GD 01/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का आयोजन प्रतिवर्ष फरवरी माह में सूरजकुंड मेला प्राधिकरण तथा हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र उद्योग, संस्कृति तथा विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया जाता है।

**67. भारत के कुछ हिस्सों में किसान अपने _____ की पूजा करके पोला त्योहार मनाते हैं ।**

(a) बैल (b) खेत
(c) खेती के औजार (d) पूर्वजों

**SSC GD 17/11/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** भारत के महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में पोला त्योहार मनाया जाता है, जिसमें किसानों द्वारा अपने मवेशियों विशेष कर बैलों की पूजा की जाती है। यह त्योहार भादों माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।

**68. महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के किस त्योहार में, कृषि पूजा के लिए बैल और अन्य मवेशियों का उपयोग होता है?**

(a) पोला त्योहार (b) जिवती पूजा
(c) वट पूर्णिमा (d) गंगा दशहरा

**SSC CHSL 16/04/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**69. ईसाई समुदाय द्वारा जीसस क्राइस्ट के जन्म के उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला वार्षिक त्योहार क्रिसमस, निम्न में से किस तारीख को मनाया जाता है?**

(a) 29 दिसम्बर (b) 25 दिसम्बर
(c) 15 दिसम्बर (d) 21 दिसम्बर

**SSC GD 22/11/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** 25 दिसम्बर को पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है। यह उत्सव ईसाई समुदाय द्वारा जीसस क्राइस्ट के जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**70. 'शहीदी सभा' त्योहार निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा मनाया जाता है?**

(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) बिहार (d) सिक्किम

**SSC GD 23/11/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a):** 'शहीदी सभा' त्योहार सिक्खों के ऐतिहासिक गुरूद्वारा फतेहगढ़ साहिब पंजाब में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला एक त्योहार है। जो गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों की शहीदी दिवस की स्मृति में 26 से 28 दिसंबर को आयोजित किया जाता है।

**71. _____ कूर्ग के कोडव समुदाय का फसल पर्व है।**

(a) मड़ई (b) भगोरिया
(c) थेय्यम (d) पुट्टारी

**SSC MTS 06/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पुट्टारी कोडव/कोडवा जनजाति के लोगों का फसल कटाई का त्योहार है। यह चावल की नई फसल के लिए मनाया जाता है। कोडवा जनजाति उत्तरी मालाबार क्षेत्र, कर्नाटक (कूर्ग जिला) में निवास करती है।

**72. निम्नलिखित में से किस भारतीय पर्व को मनाने के दौरान, मक्खन, दही, इत्यादि से भरी मटकी को जमीन से ऊपर टांग दिया जाता है और लोग मानव पिरामिड बनाकर इसे तोड़ने का प्रयास करते हैं?**

(a) रामनवमी (b) जन्माष्टमी
(c) संक्रांति (d) उगादी

**SSC MTS 06/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जन्माष्टमी अथवा कृष्ण जन्माष्टमी त्योहार में मक्खन, दही आदि से भरी मटकी जमीन से ऊपर खुले परिसर में टांगी जाती है, जिसे लोग मानव पिरामिड बनाकर तोड़ने का प्रयास करते हैं। जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस के रूप में भाद्रपद (अगस्त या सितम्बर) के कृष्ण पक्ष के अष्टमी को सम्पूर्ण देश में मनाया जाता है।

**73. मानव पिरामिड बनाने और छाछ से भरे मिट्टी के बर्तन (मटकी) को तोड़ने का प्रयास करने की गतिविधि किस त्योहार से जुड़ी है?**

(a) जन्माष्टमी (b) दशहरा
(c) होली (d) महाशिवरात्रि

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**74. राठवा नी घेर, गुजरात की राठवा जनजाति द्वारा_______के अवसर पर किया गया एक नृत्य है।**

(a) जन्माष्टमी (b) होली
(c) मकर संक्रान्ति (d) दशहरा

**SSC MTS 07/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** राठवा आदिवासियों का एक समूह है जो मूल रूप से गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में रहती हैं। इस जनजाति का एक खास लोक नृत्य है, जिसे 'राठवा नी घेर' कहते हैं, जो होली के अवसर पर प्रस्तुत किया जाता है। इस लोक नृत्य में आदिवासी नर्तक-नर्तकियों का समूह लय और ताल में मनभावन नृत्य पेश करते हुए उमंग और उत्साह के साथ खुशी का प्रदर्शन करते हैं।

**75. ____हर साल फरवरी में शिल्पग्राम में मनाया जाता है।**
(a) ताज महोत्सव
(b) नाट्यांजलि नृत्य उत्सव
(c) तानसेन संगीत समारोह
(d) जिरो महोत्सव

**RRB JE 16/12/2024 (Shift-I)**
**SSC MTS 07/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** ताज महोत्सव उत्तर प्रदेश के आगरा में मनाये जाने वाला एक त्योहार है जो प्रत्येक वर्ष लगभग 17-18 फरवरी से 27 फरवरी तक ताजमहल के पूर्वी द्वार के पास शिल्पग्राम में मनाया जाता है। ताजमहल भारत की सबसे सुन्दर ऐतिहासिक इमारत है, जहाँ उ.प्र. पर्यटन द्वारा अविश्वसनीय ताज महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह भारतीय पर्यटन को बढ़ाने का एक स्रोत है।

**76. मस्तान शाह वली की दरगाह पर आयोजित होने वाला मेला निम्नलिखित में से कौन सा है?**
(a) पीर बुधन मेला (b) हीरा भूमिया मेला
(c) करम मेला (d) धामोनी उर्स

**SSC MTS 08/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** धामोनी उर्स मुस्लिम संत मस्तान शाह वली से संबंधित है। इसका आयोजन मध्य प्रदेश के सागर जिले के धामोनी में होता है। ऐतिहासिक दृष्टि से इसका महत्व है। यहाँ दो मकबरे हैं। इनमें से एक बलजीत शाह का मकबरा है जिसे अबुल फजल का गुरू माना जाता है। दूसरा मकबरा मुस्लिम सन्त मस्तान शाह वली का है।

**77. निम्नलिखित में से कौन सा एक जैन त्योहार है, जो श्वेतांबर समुदाय के द्वारा आठ दिनों के लिए मनाया जाता है और दिगंबर समुदाय द्वारा दसलक्षणपर्व के रूप में दस दिनों के लिए मनाया जाता है?**
(a) ज्ञान पंचमी (b) कार्तिक पूर्णिमा
(c) नवपद ओली (d) पर्यूषण पर्व

**SSC MTS 08/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** पर्यूषण पर्व, भाद्रपद में मनाया जाने वाला जैन त्योहार है, जो श्वेताम्बर समुदाय के द्वारा आठ दिनों के लिए मनाया जाता है, जिसे 'अष्टान्हिका'कहा जाता है, जबकि दिगम्बर समुदाय द्वारा 'दसलक्षणपर्व' के रूप में दस दिनों के लिये मनाया जाता है। इस त्योहार की मुख्य बातें जैन धर्म के पाँच सिद्धान्तों पर आधारित है।

**78. निम्नलिखित में से किस त्योहार को 'मणिपुरी नव वर्ष' के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) हिकरु हिडोंगबा (b) गैंग-नागी
(c) चैरोबा (d) कूट

**SSC MTS 11/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** 'साजीबू चेराओबा' मणिपुर की 'मेईती' जनजाति द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला पर्व है। इसे 'सौ ड्रमों का पर्व' भी कहते हैं। इस समय लोग 'दकमंडा', दकसारी नामक सुंदर रंग-बिरंगे परिधान पहनते हैं और ड्रमों की ताल के साथ नृत्य करते हुए स्थानीय गीत गाते हैं।

**79. नंदा देवी मेले का आयोजन कुमाऊँ क्षेत्र में हर साल..........के महीने में किया जाता है।**
(a) दिसंबर (b) मई
(c) फरवरी (d) सितम्बर

**SSC MTS 11/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** उत्तराखण्ड राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में नंदा देवी मेला एक प्रमुख मेला है जो प्रत्येक वर्ष सितंबर महीने में आयोजित किया जाता है।

**80. निम्नलिखित में से कौन सा, 'कुंभ मेले' के चार आयोजन स्थलों में से एक नहीं है?**
(a) उज्जैन (b) हरिद्वार
(c) प्रयागराज (d) वाराणसी

**SSC MTS 13/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** कुम्भ मेला भारत का सबसे पवित्र और सबसे बड़ा मेला माना जाता है। यह भारत में चार स्थानों हरिद्वार में ( अलकनंदा एवं भागीरथी के संगम) गंगा नदी के तट पर, प्रयाग में गंगा-यमुना के संगम तट पर, उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर तथा नासिक में गोदावरी नदी के तट पर आयोजित होता है।

**81. कुम्भ मेला ——— में नहीं आयोजित किया जाता है।**
(a) इलाहाबाद (b) उज्जैन
(c) पुरी (d) हरिद्वार

**SSC MTS 02/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**82. कावेरी संक्रमण अक्टूबर महीने ....... में मनाया जाने वाला एक त्योहार है।**
(a) तेलंगाना (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**SSC MTS 14/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** कावेरी स्नान या कावेरी संक्रमण अक्टूबर के मध्य कर्नाटक के कुर्ग जिले के तालकावेरी में मनाया जाता है। यह त्योहार कावेरी नदी के जन्म का प्रतीक है जो कोडागु में तालकावेरी से निकलती है।

**83. 'चेतियागिरी विहार' साँची में मनाया जाने वाला _____ पर्व है।**
(a) जैन (b) सिख
(c) हिंदू (d) बौद्ध

**SSC MTS 14/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** 'चेतियागिरी विहार' साँची में मनाया जाने वाला बौद्ध पर्व है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के साँची के लोगों द्वारा नवंबर में यह महोत्सव मनाया जाता है। सैकड़ों तीर्थयात्री बुद्ध, सारिपुत्र और महामोगल सेना के दो महान शिष्यों के अवशेषों को देखने के लिए यहाँ आते हैं। साँची स्तूपों का निर्माण तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्य वंश के दौरान शुरू हुआ और 5वीं शताब्दी ई. (गुप्त वंश) तक जारी रहा।

**84. लोक रंगमंच रुप 'रणमाले' पारंपरिक रुप से निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) गोवा
(c) झारखंड (d) छत्तीसगढ़

**SSC MTS 14/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** रणमाले शिग्मो गोवा के पश्चिमी घाट के क्षेत्रों में हिन्दू नव वर्ष के पहले दिन किया जाने वाला एक पारम्परिक लोक नाटक है। इसमें रामायण, महाभारत की कहानियों को गुम्मत, ढोल और गीतों के माध्यम से सुनाया जाता है।

**85. एक छाया कठपुतली थियेटर परंपरा, थोलूबोम्मलत्ता, किस राज्य से संबंधित है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) केरल (d) महाराष्ट्र

**SSC MTS 14/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** थोलूबोम्मलत्ता आन्ध्र प्रदेश का छाया रंगमंच है। जिसका प्रदर्शन पृष्ठभूमि शास्त्रीय संगीत होता है, और महाकाव्य और पुराणों की पौराणिक और भक्ति कथाओं पर आधारित होता है। कठपुतलियाँ आकार में बड़ी और दोनों ओर से रंगीन होती है।

**86. भारत का कौन सा राज्य 'सुंदरेश्वर महोत्सव' मनाता है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) केरल (d) गोवा

**SSC MTS 14/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** सुंदरेश्वर मंदिर महोत्सव मार्च से अप्रैल की अवधि में सुंदरेश्वर मंदिर केरल में आयोजित किया जाता है जिसे श्री नारायण गुरू द्वारा वर्ष 1916 में स्थापित किया गया था।

**87. सिक्किम में मनाया जाने वाला एक त्योहार द्रुक्पात्शेशी (Drukpa Tsechi), निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व से संबंधित है?**

(a) महावीर (b) भगवान राम
(c) भगवान बुद्ध (d) भगवान कृष्ण

**SSC MTS 22/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** द्रुक्पात्शेशी त्योहार सिक्किम में मनाया जाता है, जो बुद्ध से सम्बन्धित है।

**88. 'बाणगंगा' महोत्सव का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?**

(a) पंजाब (b) सिक्किम
(c) उत्तराखण्ड (d) महाराष्ट्र

**SSC MTS 27/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** बाणगंगा महोत्सव एक प्रसिद्ध सांस्कृतिक त्योहार है, जो बालकेश्वर मन्दिर में स्थित बाणगंगा तालाब में मनाया जाता है। यह महोत्सव 'महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (MTDC) द्वारा आयोजित किया जाता है।

**89. ओडिशा में निम्नलिखित में से कौन सा त्योहार मनाया जाता है।**

(a) अंबुबाची (b) चापचर कुट
(c) नामसोंग (d) नबकलेबर

**SSC MTS 27/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** नवकलेबर प्रमुखतः जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा एक प्राचीन उत्सव है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन की पुरानी मूर्तियों को बदलकर नयी मूर्तियाँ स्थापित की जाती हैं।

**90. निम्नलिखित में से किस त्योहार को योग्यता का महीना (month of merits) कहा जाता है और इसे मई और जून के मध्य मनाया जाता है?**

(a) सागा दावा (b) भानु जाटी
(c) लोसर (d) लोसॉन्ग

**SSC CHSL 09/08/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a):** सागा दावा उत्सव सिक्किम में मनाया जाता है। यह तिब्बती कैलेंडर के सागा दावा महीने की पूर्णिमा दिवस पर मनाया जाता है। सागा दावा मई से जून महीने के बीच पड़ता है और इसे 'गुणों का महीना' के रूप में जाना जाता है। यह पर्व बुद्ध के जन्म, जीवन और मृत्यु के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने वाले समुदायों को महीने के दौरान तीन शिक्षाओं का पालन करना होता है– उदारता, नैतिकता और ध्यान।

**91. प्रजनन क्षमता और बेहतर भाग्य के लिए झारखंड में कौन-सा त्योहार मनाया जाता है?**

(a) जावा (b) करमा
(c) सरहुल (d) सोहराई

**SSC CHSL 06/08/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जावा त्योहार झारखंड में अविवाहित आदिवासी युवतियों द्वारा अच्छी प्रजनन क्षमता की उम्मीद और अच्छे भाग्य के लिए भादो माह में मनाया जाता है। झारखंड में सरहुल त्योहार वसंत के मौसम में तथा करमा त्योहार में बहने अपने भाईयों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं।

**92. हिंदू कैलेंडर के अंतिम महीने में निम्न में से कौन-सा हिंदू त्योहार मनाया जाता है?**

(a) होली (b) रक्षाबंधन
(c) दिवाली (d) मकर संक्रांति

**SSC CHSL 11/08/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** पंचांग (हिंदू कैलेन्डर) के माध्यम से समय एवम् काल की सटीक गणना की जाती है। पंचांग मुख्य रुप से पाँच अंगों से मिलकर बना होता है। ये पाँच अंग तिथि, नक्षत्र, वार, योग और करण है। हिन्दू पंचांग के अन्तिम महीने (फाल्गुन मास) में होली त्योहार मनाया जाता है।

**93. अर्थुंकल फ़ीस्ट और वेट्टुकड् उत्सव ____ राज्य में चर्च द्वारा मनाया जाने वाले त्योहार है।**

(a) केरल (b) नागालैंड
(c) सिक्किम (d) गोवा

**SSC CHSL 12/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** अर्थुंकल फ़ीस्ट और वेट्टुकड् उत्सव दक्षिणी केरल में क्रिश्चियन समुदाय के लोगों द्वारा केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के तटीय उपनगर वेट्टुकड् के 500 साल पुराने चर्च में मनाया जाता है।

**94. 'उगादी' निम्नलिखित में से किस राज्य का प्रसिद्ध त्योहार है?**

(a) पंजाब (b) गोवा
(c) उत्तर प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

**SSC CHSL 12/08/2021 (Shift-II)**